महत्वपूर्ण समयबद्ध/अनुस्मारक–1

निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक C-1012 /बा0वि0परि0/आ.बा.चयन/2021–22 दिनॉंक: 24 नवम्बर, 2021

जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी,

जनपदः– आगरा, अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूॅं, बहराइच, बलिया, बॉंदा, बांराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, बुलन्दशहर, चन्दौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, जालौन, जौनपुर, कॉसगंज, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर एवं सोनभद्र।

उत्तर प्रदेश।

विषयः– **आंगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका पद पर चयन हेतु अर्ह आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की सूची सत्यापन के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका के पद पर चयन हेतु जनपद में कार्यरत ऐसी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों जिनकी सेवा अवधि दिनांक 01.07.2017 को 10 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं हो का विवरण (डेटा) निर्धारित प्रारूप पर निदेशालय मंगवाया गया था, जिसके आधार पर मास्टर डेटा तैयार किया गया है। ऑंगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका पद पर प्रतिचयन किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है।

निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या सी–940/बा0वि0परि0/आ.बा.चयन/2021–22 दिनॉंक 12 नवम्बर 2021 द्वारा आपके जनपद में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की पी0डी0एफ0 सूची आपको इस आशय से प्रेषित की गयी थी कि सूची में अंकित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का विवरण उनके अभिलेखों से मिलान करके सूची के प्रत्येक पृष्ठ को सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी से सत्यापित/हस्ताक्षर (मुहर सहित) कराकर संदर्भित सूची में स्वयं (जिला कार्यक्रम अधिकारी) हस्ताक्षर करके पी0डी0एफ0 सूची दिनांक 22.11.2021 तक प्रत्येक दशा में हस्ताक्षरयुक्त हार्ड कॉपी विशेष पत्रवाहक के माध्यम से निदेशालय को उपलब्ध करायें, किन्तु कतिपय जनपदों **(आगरा, अलीगढ़, बहराइच, बदायूॅं, बुलन्दशहर, एटा, फरूर्खाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, जालौन, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर,** मुजफफरनगर, **रायबरेली, रामपुर, तथा सोनभद्र)** द्वारा मात्र मेल के माध्यम से सत्यापित सूची मेल की गयी है, जबकि स्पष्ट निर्देशित किया गया था, कि मूल हार्डकॉपी निदेशालय में उपलब्ध कराये, किन्तु सत्यापित सूची अभी तक उपलब्ध नहीं करायी गयी है, जो कि अत्यन्त ही खेदजनक है। अतः आपको अन्तिम बार निर्देशित किया जाता है कि यदि सूची में अंकित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विवरण में संशोधन की आवश्यकता है तो इस संबंध में संगत अभिलेखों/साक्ष्यों सहित सुस्पष्ट आख्या/संस्तुति सहित दिनॉंक 24.11.2021 तक प्रत्येक दशा में हस्ताक्षरयुक्त हार्ड कॉपी में तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

(डा0 विभा चहल)
अपर निदेशक (प्रशासन)

पृष्ठांकन /तद्दिनॉंकः–

प्रतिलिपिः– निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार को सादर अवलोकनार्थ।

(डा0 विभा चहल)
अपर निदेशक (प्रशासन)